प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
## पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन

पंतनगर। 11 मार्च 2022। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों से विद्यार्थियों का चयन नामी कम्पनियों में किया जा रहा है। इसी क्रम में पशुचिकित्सा पर आधारित प्रतिष्ठित रोजगारपरक संगठन के रूप में भारत की प्रमुख पैट केयर कम्पनियों में से एडवांस्ड पैट केयर प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से पशुचिकित्सा महाविद्यालय की विद्यार्थियों डा. निकिता कार्की एवं डा. नेहा पंत का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त प्रतिवर्ष लगभग 7 से 8 लाख रूपये का पैकेज देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप, ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श, डा. दीपा विनय ने बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थी की सफलता की कामना करता है।



*डा. निकिता कार्की*



*डा. नेहा पंत*